हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 14 फरवरी 2026

06 कुबेरेश्वर धाम पर अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगी, भैरुंदा...



07 अंततः पुलिस के हत्थे चढ़ा ड्रग्स फैक्ट्री का मुख्य...





## खबर संक्षेप

### रफत उल्ला खान का सिविल सर्विस हॉकी प्रतियोगिता में चयन



**सीहोर।** केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित भारतीय सिविल सेवा हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 में सीहोर के रफत उल्ला खॉन का चयन मध्यप्रदेश सिविल सर्विस टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 17 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। रफत उल्ला खान वर्तमान में जिला चिकित्सालय सीहोर में पदस्थ हैं। उनके चयन पर जिला चिकित्सालय परिवार में हर्ष का माहौल है। उल्लेखनीय है कि रफत उल्ला खान पूर्व में भी विभिन्न सिविल सर्विस प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव, आरएमओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, सहित अनेक डॉक्टरों एवं स्टॉफ ने शुभकामनाएं दी हैं।

### नए कनेक्शन के लिए अब एमपी ऑनलाइन के माध्यम से करें आवेदन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को नए वर्ष में सौगात दी है। बिजली उपभोक्ता अब एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। इसके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एम.पी. ऑनलाइन से अनुबंध संपादित किया है और बिजली उपभोक्ताओं को यह सुविधा जनवरी 25 के अंतिम सप्ताह से मिलना शुरू हो जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक एवं निदेशक (वाणिज्य) की उपस्थिति में मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) एवं एम.पी. ऑनलाइन के बिजनेस हेड द्वारा कंपनी मुख्यालय में अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को आसान और त्वरित माध्यम से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए एम.पी.ऑनलाइन से एक अनुबंध हस्ताक्षरित किया है जिसके अनुसार अब एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भी आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन आसानी से मिलेगा। इसके अतिरिक्त गैर कृषि उपभोक्ताओं का ईकेवाईसी, पीएम सीएम किसान सम्मान निधि लाभार्थी का सत्यापन तथा पूर्व से विद्यमान कनेक्शन में भार वृद्धि, नाम परिवर्तन इत्यादि की सुविधा भी एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से मिलने लगेगी।

### आज पंडित प्रदीप मिश्रा रुद्राक्ष से बनाए विशाल शिवलिंग का करेंगे महाभिषेक, दोपहर एक बजे से होगी कथा

# रुद्राक्ष महोत्सव आज से : 256 सीसीटीवी कैमरों और 10 ऊंचे वॉच टॉवरों से रहेगी हर तरफ की निगरानी

रुद्राक्ष महोत्सव के पहले ही श्रद्धालुओं ने डाला डेरा, प्रशासन, समिति और क्षेत्रवासी सेवा कार्य में जुटे। विठलेश सेवा समिति ने एक दिन पहले ही एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कुबेरेश्वरधाम पर रुद्राक्ष महोत्सव के एक दिन पहले ही एक लाख से अधिक श्रद्धालु मंदिर परिसर और कथा स्थल पर पहुंच गए हैं। जिला प्रशासन, विठलेश सेवा समिति और क्षेत्रवासी पूरी आस्था और उत्साह के साथ यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर है। समिति के द्वारा कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने के लिए एक भव्य स्थाई पंडाल के अलावा अन्य पंडालों की व्यवस्था की है। कुबेरेश्वर धाम में शनिवार रुद्राक्ष महोत्सव का आगाज होने जा रहा है, यह महोत्सव 20 फरवरी तक चलेगा।

इसके लिए श्री विठ्ठलेश सेवा समिति और प्रशासन ने इस आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। महोत्सव को लेकर पहले से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। वहीं जिला प्रशासन ने आयोजन की सफलता के लिए सैकड़ों की संख्या में अधिकारियों और पुलिस बल तैनात किया है, इसके अलावा विठलेश सेवा समिति ने भी यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के भोजन और अन्य व्यवस्था के लिए 1200 से अधिक सेवादार सेवा के लिए व्यवस्था की है। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा आदि ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था की। एकादश के पावन अवसर पर यहां पर वाले श्रद्धालुओं ने शाम को बाबा की महा आरती की। अब सुबह सात बजे कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा रुद्राक्ष से बनाए विशाल शिव लिंग का महाभिषेक करेंगे। इस वर्ष के आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा गया है। श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए 1,235 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही, पूरे परिसर की निगरानी 256 सीसीटीवी कैमरों और 10 ऊंचे वॉच टावरों से 24 घंटे की जाएगी। व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक मुस्तैद रहेंगे।

**रविवार को ग्रीन शिवरात्रि और ज्योतिर्लिंग गार्डन :** विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि रविवार को ग्रीन शिवरात्रि और ज्योतिर्लिंग गार्डन की स्थापना इस वर्ष 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व 'ग्रीन शिवरात्रि के रूप में मनाया जाएगा। इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल आर्य पर्यावरण गतिविधि एवं पद्मश्री डॉ. उमाशंकर पांडेय जी उपस्थित रहेंगे। पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा गुरुजी के सानिध्य में अतिथिगण धाम परिसर में 12 ज्योतिर्लिंगों के प्रतीक स्वरूप पौधों का रोपण कर 'ज्योतिर्लिंग गार्डन की नींव रखेंगे।

### एक बजे से चार बजे तक होगी शिवमहापुराण कथा

दोपहर 1 से 4 बजे पंडित मिश्रा श्री शिवमहापुराण कथा का वाचन करेंगे। शाम साढ़े 6 बजे संध्या महाआरती होगी।

### धाम पर बनाया दस बिस्तरों का अस्पताल


श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम पर 10 बिस्तरों वाला स्थाई अस्पताल (इमरजेंसी सुविधाओं सहित) शुरू किया गया है। इसके अतिरिक्त 30 एम्बुलेंस और 5 स्वास्थ्य शिविर निरंतर कार्य करेंगे। भोजनशाला में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 4-कतार की व्यवस्था की गई है, जहां 200 स्टालों के माध्यम से प्रसाद वितरण होगा। 85 एकड़ का विशाल पार्किंग क्षेत्र। पेयजल केंद्र (वॉटर पॉइंट्स) शौचालय बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं के लिए 465 मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स भी बनाए गए हैं।











### खाटू नरेश का 11 हजार रुद्राक्ष से किया गया श्रृंगार



**सीहोर ।** एकादशी पर शुक्रवार को सैकड़ाखेड़ी पर स्थिति बाबा खाटू श्याम के मंदिर पर जिले सहित प्रदेश भर से एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि शनिवार कोग्यारस और रुद्राक्ष महोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा खाटू नरेश का 11 हज़ार रुद्राक्ष से श्रृंगार किया गया ।

इस एकादशी पर सुबह से शाम तक में सीहोर, भोपाल, आष्टा,इछावर,होशंगाबाद ,राजगढ़ ,बैतूल , इटारसी सहित प्रदेश के अन्य स्थानों से एक लाख से अधिक श्रद्धालु बडी संख्या में दर्शन करने पहुंचे कई पैदल श्रद्धालुओं का जत्था भी बाबा श्याम का निशान लेकर मंदिर पहुंचे । मंदिर समिति के जगदीश सोलंकी ने बताया कि बाबा के दरबार में प्रत्येक एकादशी पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी जाती है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बन जाता है। मंदिर के प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर ने बताया कि बाबा श्याम का इस बार ११ हज़ार रुद्राक्ष से आकर्षक श्रृंगार भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता नजर आया हर ग्यारस पर बाबा का श्रृंगार किया जाता है रुद्राक्ष के श्रृंगार से बाबा खाटू नरेश भोलेनाथ का स्वरूप धारण किए हुए भक्तों का मन मोह रहे थे ।

वहीं श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर दरबार में अर्जी लगाने पहुंचते है। मनोकामना पूर्ण होने पर दोबारा मंदिर में आकर मत्था टेकते है । आगे उन्होंने बताया कि आगामी 27 फरवरी को बाबा श्याम की होली फाग महोत्सव का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा इसके साथ ही 11 हज़ार रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा । मंदिर में व्यवस्थाओं को लेकर समिति के मांगीलाल सोलंकी ,ओम प्रकाश सोलंकी ,दिनेश सोलंकी ,महेश सोलंकी ,सुरेश सोलंकी ,नितिन सोलंकी ,मनीष सोलंकी ,यश सोलंकी सहित सहित अन्य सदस्यों का भी विशेष सहयोग रहता है।

### नपा के 100 कर्मचारी कुबेरेश्वरधाम पर तैनात, बेहतर इंतजाम की व्यवस्था की जाएगी : नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में होने वाले शिवमहापुराण को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अमले को ड्यूटी पर तैनात किया है। इसको लेकर शुक्रवार को नगर पालिका के सभाकक्ष में नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार, पार्षदों और स्वच्छता प्रभारी अमित यादव आदि की उपस्थिति में शहर और धाम को लेकर स्वच्छता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि हमारे क्षेत्र की आन, बान और शान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में होने वाला रुद्राक्ष महोत्सव हमारे लिए गौरव का विषय है, इसमें 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसको लेकर मंदिर परिसर में स्वच्छता के लिए 100 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका सीहोर की ओर से 100 से अधिक सफाई मित्रों को यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के कार्य के लिए लगाया गया है। इसके अलावा पानी के टैंकर, फायर बिग्रेड, 20 कचरा गाड़ी आदि की व्यवस्था भी की गई है। नगर पालिका अमले के द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा आयोजन के लिए पेयजल और सफाई के विशेष इंतजाम आगे भी पूरी तरह किए जाएंगे, जहां पर भी आवश्यकता होगी। वह बेहतर इंतजाम की व्यवस्था की जाएगी। वहीं नगर पालिका सीएमओ ने शहर में भी स्वच्छता की व्यवस्था का इंतजाम के लिए भी तैयार रहने के लिए कहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि कुंभ की तर्ज पर होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर अधिकांश अमला धाम पर है, ऐसे में सफाई आदि कार्य में कुछ विलंब हो सकता है, वहीं हमारे कर्मचारियों आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

### शहर की जल सप्लाई ठप होने का खतरा, नपा अमले ने मौके पर पहुंचकर जारी किए नोटिस


# जमोनिया जोड़ व सायलों केंद्र के आसपास पाइप लाइन पर बने 11 मकान टूटेंगे, 3 दिन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के गंज और मंडी क्षेत्र की प्यास बुझाने वाली मुख्य राइजिंग पाइप लाइन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। सायलों क्षेत्र के पास पाइप लाइन के ऊपर बने 11 अवैध मकानों को हटाने के लिए नगर पालिका ने नोटिस जारी कर तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। विभाग ने साफ किया है कि यदि रहवासी स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो नपा बलपूर्वक कार्रवाई करेगी। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार जमोनिया जलाशय से मंडी और गंज क्षेत्र की ओर आने वाली मुख्य राइजिंग मेन लाइन के ऊपर लोगों ने एक-दूसरे की देखा-देखी पक्के निर्माण कर लिए हैं। हालत यह है कि पाइप लाइन पूरी तरह मकानों के नीचे दब गई है। यदि इस लाइन में कोई लीकेज या खराबी आती है तो उसकी मरम्मत करना वर्तमान स्थिति में नामुमकिन है। गर्मी से



पहले नपा अलर्ट मोड पर आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर पालिका जल प्रदाय विभाग अलर्ट मोड पर है। शहर के एक बड़े हिस्से में जल संकट न गहराए, इसके लिए इन पाइप लाइनों का दुरुस्त होना अनिवार्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर 12 फरवरी को यह नोटिस दिए गए हैं। अधिकारियों का सख्त रुख नगर पालिका के एई विजय कोली ने बताया कि संबंधित मकान मालिकों को नोटिस थमा दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट उल्लेख है कि निकाय की जलापूर्ति लाइन पर किया गया अतिक्रमण अवैध है। निर्माण न हटाने की स्थिति में होने वाली तोडफ़ोड़ की समस्त जिम्मेदारी और हर्जाना संबंधित व्यक्ति का होगा।



### आज किया जाएगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में देवता पूजन, हवन, महाभिषेक का दिव्य अनुष्ठान

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम शाहपुर कौड़यिा में भव्य कलश यात्रा के साथ पंच दिवसीय एक कुण्डीय शिव शक्ति यज्ञ एवं ऋणमुक्तेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को विजया एकादशी पर फलहारी प्रसादी का यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को वितरण किया गया। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां पर जारी हवन में आहुतियां दी। महोत्सव के अंतर्गत यज्ञाचार्य पंडित राहुल पाठक के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने 1803 हवन में वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी जा रही है। आगामी दिनों में यहां पर भव्य रूप से मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण विधि-विधान से पूर्ण किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित धर्मेन्द्र व्यास ने बताया कि महाशिवरात्रि को देवता, पूजन, प्राण प्रतिष्ठा के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। शिव मंदिर के लिए उज्जैन से ज्योत लेकर आए थे और उसके पश्चात कलश यात्रा के साथ अनुष्ठान का श्रीगणेश किया गया। उन्होंने बताया कि यज्ञ की परिक्रमा का काफी महत्व है। यहां पर बनाई गई।

यज्ञशाला में यज्ञ में बैठने वालों के अलावा आस-पास के ग्रामीण आस्था और उत्साह के साथ परिक्रमा कर रहे है। यज्ञ की परिक्रमा प्रदक्षिणा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो जीवन को निरोगी बनाने और नकारात्मकता को समाप्त करने में सहायक है। मान्यता है कि यज्ञ कुंड की दक्षिणवर्ती परिक्रमा से पुण्य की प्राप्ति होती है, मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, और यह मानसिक शांति तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है।

मान्यता है कि यज्ञशाला की परिक्रमा करने से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा से न केवल पुण्य प्राप्त होता है, बल्कि ऐसा माना जाता है कि इसमें हर पग बढ़ाने से अश्वमेघ यज्ञ का फल मिलता है।

**खबर संक्षेप**

### हाउसिंग बोर्ड गेट पर लगता है जाम

**सीहोर।** हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक पर बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में हाउसिंग बोर्ड की ओर आने-जाने वाले लोग खासे परेशान हो रहे हैं। बता दें कि हाउसिंग बोर्ड रेलवे गेट पर आरओबी बनाने वाली कंपनी ने यहां सही तरह से एप्रोच रोड नहीं बनाया है। जिसके कारण खराब रास्ते से वाहनों को निकलना पड़ता है। मिट्टी के लगे ढेर पर वाहनों के पलटने का डर बना रहता है। ऐसे में यहां बार-बार जाम की स्थिति बन जाती है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### बासों की छंटाई नहीं होने से हो रही परेशानी

**सीहोर** । पुराने हाईवे किनारे बांसबेड़े की छंटाई नहीं होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। कई बांस सड़कों पर लटक रहे हैं। जिससे कभी भी हादसे की संभावना बनी रहती है। गर्मी के दिनों में इन बांसों में आग लगने की घटनाएं भी आम बात हैं। इसलिए यहां पर नियमित सफाई की आवश्यकता है, जो कि नहीं होती। बांसबेड़े के नीचे काफी कचरा जमा है, ऐसे में तेज हवा चलते ही आग लगने की संभावना है। बांसबेड़े को को आग से सुरक्षित रखना है तो जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देना होगा।

## नामांतरण कराने व जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए भटक रहे लोग, सूने पड़े दफ्तर

# कुबेरेश्वर धाम पर अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगी, भैरुंदा तहसील के सभी काम ठप पड़े

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि धार्मिक और विशेष आयोजनों में ड्यूटी लगाना प्रशासनिक आवश्यकता हो सकती है, परंतु स्थानीय कार्यालयों की निरंतरता बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा






प्रशासनिक समन्वय की कमी का असर इन दिनों भैरूंदा तहसील कार्यालय में साफ दिख रहा है। कुबेरेश्वर धाम में 20 फरवरी तक ड्यूटी लगाए जाने के बाद तहसीलदार सौरभ शर्मा और नायब तहसीलदार अनीस कुरैशी मुख्यालय से बाहर हैं। नतीजा—तहसील के रोजमर्रा के राजस्व कार्यों की रफ्तार लगभग थम गई है। नामांतरण, फौती पत्ता, नक्शा दुरुस्ती, जन्म प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र जैसे जरूरी काम लंबित पड़े हैं। दूरदराज के ग्रामीण कई-कई चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा।

तहसील परिसर में इन दिनों एक ही सवाल गूंजता है-"साहब कब आएंगे?" बाबू और कर्मचारी मौजूद हैं, फाइलें भी दफ्तर में हैं, पर अंतिम आदेश और हस्ताक्षर के अभाव में निराकरण आगे नहीं बढ़ पा रहा। आवेदकों का कहना है कि समय-सीमा में काम न होने से उनकी व्यक्तिगत और आर्थिक योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। किसी का बैंक लोन नामांतरण के इंतजार में अटका है तो किसी की छात्रवृत्ति जाति प्रमाण पत्र के बिना रुकी हुई है। स्थिति को और जटिल बना रही है प्रशासनिक नेतृत्व की कमी। सूत्रों के मुताबिक तहसील कार्यालय का पूरा दायित्व फिलहाल एकमात्र महिला अधिकारी आरती सोलंकी के भरोसे है। बताया जा रहा है कि उन्हें पूर्ण प्रशासनिक अधिकारों की औपचारिक अधिसूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है और वे प्रभार की स्थिति में काम देख रही हैं। उधर एसडीएम सुधीर कुशवाह निजी कारणों से अवकाश पर हैं। ऐसे में निर्णय लेने की प्रक्रिया लगभग ठहर गई है। सबसे बड़ा सवाल आपातकालीन परिस्थितियों को लेकर उठ रहा है। यदि किसी भूमि विवाद, दुर्घटना या अन्य तात्कालिक राजस्व प्रकरण में तुरंत आदेश की आवश्यकता पड़े तो जिम्मेदारी किसकी तय होगी? स्थानीय नागरिकों का तर्क है कि वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित किए बिना अधिकारियों को लंबी अवधि की ड्यूटी पर भेजना आमजन के हितों के विपरीत है। उनका कहना है कि प्रशासनिक ढांचे में स्पष्ट प्रभार और अधिकारों की अधिसूचना जारी होती तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं बनती। इधर माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण और जांच दल की जिम्मेदारी भी एसडीएम और तहसीलदार को सौंपी गई है। लेकिन जब संबंधित अधिकारी मुख्यालय पर उपलब्ध नहीं हैं, तो निरीक्षण की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। क्या उपलब्ध अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगी या तहसील के लंबित राजस्व कार्यों को प्राथमिकता देंगी-यह दुविधा प्रशासनिक संतुलन पर सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि धार्मिक और विशेष आयोजनों में ड्यूटी लगाना प्रशासनिक आवश्यकता हो सकती है, परंतु स्थानीय कार्यालयों की निरंतरता बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। राजस्व कार्य सीधे नागरिकों के अधिकारों, संपत्ति और सामाजिक योजनाओं से जुड़े होते हैं। ऐसे में तहसील स्तर पर अधिकारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## हायर सेकंडरी और हाई स्कूल परीक्षा शांतिपूर्ण प्रारंभ

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वर्ष 2025-26 की हाई स्कूल एवं हायर सेकण्ड्री परीक्षाएं शुक्रवार को जिले के सभी विकासखंडों के निर्धारित 97 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हुईं।

परीक्षा के प्रथम दिवस कक्षा 10वीं में उर्दू विषय तथा कक्षा 12वीं में भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनीमल हसबेंडरी, विज्ञान के तत्व एवं भारतीय कला के इतिहास विषयों के प्रश्न पत्र आयोजित किए गए। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई तथा जिले में किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।जिला एवं विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विकासखंडों में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के दल ने परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रश्नपत्र निर्धारित थानों से कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में प्राप्त कर सुरक्षित रूप से परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाए गए तथा एप के माध्यम से जानकारी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड की गई। डीईओ संजय सिंह तोमर ने शासकीय सांदीपनी उमावि मनुबेन मंडी सीहोर, शासकीय हाईस्कूल स्वामी विवेकानंद मंडी सीहोर, शासकीय सुभाष उमावि सीहोर एवं शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाईं। अशासकीय राधाकृष्ण मोदी सरस्वती उमावि, अदालत के पीछे सीहोर में डीपीएसई प्रथम वर्ष के अंतर्गत बाल विकास विषय की परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें 51 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 46 उपस्थित एवं 5 अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, गोपनीयता एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया है तथा आगामी परीक्षाएं भी इसी प्रकार संपन्न कराई जाएंगी।

**हाई स्कूल परीक्षा (कक्षा 10वीं) विखं स्थिति**

कुल दर्जः 593
उपस्थितः 581
अनुपस्थितः 12
नकल प्रकरणः शून्य


**हासे परीक्षा (कक्षा 12वीं) विखं स्थिति**

कुल दर्जः 14,036
उपस्थितः 13,885
अनुपस्थितः 151
नकल प्रकरणः शून्य

## पंचकोशी पदयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल आज छीपानेर दादाजी आश्रम में रात्रि विश्राम

### 90 किमी की पदयात्रा, तीसरे दिन हरदा जिले में प्रवेश, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम





**भैरुंदा।** मां नर्मदा के पावन तट से एक बार फिर आस्था की विराट धारा प्रवाहित हो उठी है। नेमावर से प्रारंभ हुई श्री सिद्धनाथ महादेव नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा में इस वर्ष हजारों श्रद्धालु शामिल हुए हैं। शुक्रवार 13 फरवरी से शुरू हुई यह पांच दिवसीय पदयात्रा धार्मिक उत्साह, अनुशासन और भक्ति भाव के साथ आगे बढ़ रही है। दूसरे दिन यात्रा सीहोर जिले की तहसील भैरुंदा स्थित छीपानेर पहुंचेगी, जहां दादाजी आश्रम में रात्रि विश्राम किया जाएगा।

नर्मदा तट पर गुरुवार से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने मां नर्मदा के दर्शन कर यात्रा का संकल्प लिया। ढोल-नगाड़ों, जयकारों और भजनों के बीच शुरू हुई यह पदयात्रा लगभग 90 किलोमीटर की परिक्रमा पूर्ण कर पुनः नेमावर लौटेगी। यात्रा फाल्गुन माह की एकादशी से प्रारंभ होकर अमावस्या तक चलती है। इस वर्ष यह आयोजन 13 से 17 फरवरी तक निर्धारित है। समिति पदाधिकारियों के अनुसार इस यात्रा की शुरुआत वर्ष 1987 में केवल पांच श्रद्धालुओं के साथ सिद्धनाथ नाभिकुंड से हुई थी। आज यह आयोजन विराट रूप ले चुका है, जिसमें 30 से 35 हजार श्रद्धालु शामिल हैं। सैकड़ों वाहन, सेवा दल और स्वयंसेवक यात्रा को सुव्यवस्थित बनाए रखने में जुटे हैं। समिति के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश के साथ गुजरात में भी पंचकोशी यात्राएं संचालित हो रही हैं। वर्षभर नर्मदा घाटों पर कुल 33 यात्राएं आयोजित की जाती हैं।

इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग में बदलाव किया गया है। पहले दूसरे दिन बिजलगांव से नाव के जरिए यात्रियों को पार कराया जाता था, लेकिन छीपानेर में पुल निर्माण के बाद अब संशोधित मार्ग से यात्रा निकाली जा रही है। पहले दिन यात्रा नेमावर से करौंद माफी पहुंची, जहां प्रथम रात्रि विश्राम हुआ। शनिवार को यात्रा छीपानेर के दादाजी आश्रम पहुंचेगी, जबकि तीसरे दिन हरदा जिले में प्रवेश करेगी। पांचवें दिन नाभिकुंड की परिक्रमा कर पुल पार करते हुए पुनः नेमावर में समापन होगा।

यात्रा के शांतिपूर्ण और सुरक्षित संचालन के लिए प्रशासन भी मुस्तैद है। एसडीओपी रोशन कुमार जैन के अनुसार गोपालपुर और भैरुंदा थाने के पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील मार्गों पर अतिरिक्त जवान लगाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी साथ चल रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। आस्था, अनुशासन और सामूहिक भक्ति का यह अनूठा संगम नर्मदा तट को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रहा है। पंचकोशी पदयात्रा न केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन है, बल्कि सामाजिक समरसता और सामूहिक श्रद्धा का जीवंत उदाहरण भी बनती जा रही है।

## राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में सदस्य पद प्रत्याशी राजपूत का स्वागत किया



**सीहोर।** शुक्रवार को म.प्र राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में सदस्य पद प्रत्याशी भानुसिंह राजपूत जनसम्पर्क अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता चैम्बर-6 में सम्पर्क करने पहुंचे। जिला बार एसोसिएशन के पुस्तकालय अध्यक्ष श्रवण वास्तवार, पूर्व केन्द्रीय मंत्री असलम शेरखान समर्थक कुतुबउद्दीन शेख, पत्रकार संतोषसिंह अधिवक्ता विजय सक्सेना, सुनील मेहता भगवान सिंह राजपूत, संजय पटेल, मनीष राठौर, प्रवीण जैन हरदयाल सूर्यवंशी सहित अनेक लोगों ने श्री राजपूत का पुष्पहार पहना कर स्वागत किया। राजपूत ने अधिवक्ता गणों से समर्थन दिए जाने की अपील की।

## बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है। उपभोक्ता परिसरों में स्थापित स्मार्ट मीटर में बिजली खपत की जानकारी को देखने के साथ ही बिजली रीडिंग, बिलिंग, चेकिंग और अन्य बिजली संबंधी कार्यवाही के लिए उपभोक्ता परिसर में आने वाले बिजली कार्मिकों की पहचान हेतु एम्पलाई वेरिफिकेशन संबंधी फीचर भी उपलब्ध कराया है।

### वक्ताओं और आयोजन सदस्यों के योगदान की सराहना की गई

# आईयूपीएसी-जीडब्ल्यूबी और एसीटी के तत्वावधान में सत्यसांई में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एसएसएसयूटीएमएस, सीहोर ने आईयूपीएसी दग्लोबल विमेंस ब्रेकफास्ट (जीडब्ल्यूबी) और एसोसिएशन ऑफ केमिस्ट्री टीचर्स (एसीटी) के तत्वावधान में 10 और 11 फरवरी 2026 को सीआईडीसी सेंटर, इंजीनियरिंग ब्लॉक में हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह सेमिनार कुलगुरू प्रो. डॉ. मुकेश तिवारी, रजिस्ट्रार डॉ. हेमंत शर्मा और परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम का संचालन रसायन विभाग के प्रोफेसर डॉ. रंजीत कुमार पुसे और भौतिकी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गीता खूबचंदानी ने किया।

आयोजन दल के सह संयोजकों में मनोज कुमार गंदवाने रसायन अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष, रुचि चौहान रसायन अभियांत्रिकी सहायक प्रोफेसर, देश दीपक श्रीवास वायुयान अभियांत्रिकी, अंकित नवगीत जोशी सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग डॉ. राजेंद्र कुशवाह डीन इंजीनियरिंग और डॉ मोहित गंगवार आरएंडडी विभाग, शामिल थे। जिनके अथक प्रयासों से यह कार्यक्रम एक बड़ी सफलता बन गया। इस संगोष्ठी में भारत और विदेश के प्रख्यात शिक्षाविदों और पेशेवरों द्वारा विशिष्ट विशेषज्ञ वार्ताएँ प्रस्तुत की गईं। डॉ. मधुमिता मुखोपाध्याय, पीएचडी एससी, एमआरएससी, रसायन विज्ञान संकाय, सेंट एंड्रयूज विश्वविद्यालय, स्कॉटलैंड, यूके, जिन्होंने ठोस ऑक्साइड सेल और विद्युत उत्प्रेरण, संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों का समर्थन करते हुए स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण को सक्षम बनाना विषय पर बात की।

डॉ. अर्पिता सरकार, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल, जिन्होंने मेसोपोरस सामग्री, अधिशोषण, उत्प्रेरण और प्रकाश उत्प्रेरण में उभरते क्षेत्र, विषय पर व्याख्यान दिया।

डॉ. सुनंजा देवी केआर, प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, क्राइस्ट यूनिवर्सिटीए बैंगलोर ने सतत ऊर्जा भंडारण और रूपांतरण के लिए 2डी सामग्रीर, वर्तमान रुझान और भविष्य की संभावनाएं, विषय पर प्रस्तुति दी। डॉ. विजयकुमार वी प्रेरक वक्ता और पीएचडी, रासायनिक अभियांत्रिकी, आईआईटी बांबे, पवई, ने अपने बहुमूल्य विचारों और अनुभवों से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। इस सेमिनार ने संकाय सदस्यों शोधकर्ताओं और छात्रों को रसायन विज्ञान, सामग्री विज्ञान, स्वच्छ ऊर्जा और सतत प्रौद्योगिकियों में उभरते रुझानों का पता लगाने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान किया। संवादात्मक सत्रों ने अकादमिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया और सहयोगात्मक अनुसंधान के अवसरों को मजबूत किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय नेतृत्व के मार्गदर्शन और सभी वक्ताओं और आयोजन सदस्यों के योगदान की सराहना की गई। जिन्होंने इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को उल्लेखनीय सफलता दिलाई।

## चार दिन बंद रहेगी मंडी, उपज की नीलामी 18 फरवरी से शुरू होगी

**भैरुंदा।** सरकारी छुट्टी एवं तुलावती संख्या द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार कृषि उपज मंडी में चार दिनों तक नीलामी का कार्य नहीं होगा। मंडी सचिव ने इस संबंध में क्षेत्र के सभी किसानों के लिए आवश्यक सूचना जारी की है। मंडी में नीलामी कार्य आज14 फरवरी से नहीं होगा। इस दिन महीने का दूसरा शनिवार होने से बैंक अवकाश रहेगा। इसके ठीक बाद 15 फरवरी को रविवार का साप्ताहिक अवकाश है। 16 फरवरी को हम्माल तुलावटी मजदूर संघ के आवेदन के कारण काम बंद रखने का निर्णय लिया गया है और 17 फरवरी को अमावस्या होने की वजह से भी नीलामी नहीं हो सकेगी। मंडी प्रशासन ने सभी किसान बंधुओं से कहा हैं कि वह चार दिनों के दौरान अपनी फसल बेचने के लिए मंडी न आएं। मंडी में नीलामी की प्रक्रिया दोबारा 18 फरवरी से सामान्य रूप से चालू होगी।

### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर स्वास्थ्य सेवाएं दी



**सीहोर।** सीहोर जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (एच.पी.एन.डी.) के अवसर पर समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार देहरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के तहत बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। हितग्राहियों को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं सेवाओं का लाभ भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान 0 से 1 वर्ष आयु वर्ग के 565 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जबकि 1 वर्ष से अधिक आयु के 200 बच्चों को भी वैक्सीनेशन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कुल 112 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित यह अभियान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जिला शिक्षाधिकारी ने जारी किया तल्ख आदेश, नहीं चलेगी बहानेबाजी

# आदेशः ई-अटेंडेंस लगाने वाले शिक्षकों को ही मिल पाएगी मार्च में तनख्वाह

## तकनीकी कारणों से हाजिरी न लगने पर संस्था प्रमुख नियंत्रक को करना होगा सूचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्कूलों से अक्सर नदारद रहने वाले शिक्षकों पर नकेल कसने शिक्षा विभाग द्वारा जून 2025 से 'हमारे शिक्षक एप' पर ऑनलाइन अटेन्डेंस की व्यवस्था शुरू की गई थी। लेकिन, तकनीकी कारणों जैसे मोबाइल नेटवर्क, सिग्नल न मिलने आदि कारणों के चलते विभाग ने शिक्षकों सहित अन्य लोकसेवकों की समस्याओं को समझा और अब तक किसी का वेतन नहीं काटा जा रहा था।

लेकिन, जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने 12 फरवरी को जारी एक आदेश में स्पष्ट किया है कि मार्च माह में उन्हीं शिक्षकों एवं विभाग से जुड़े लोकसेवकों को वेतन जारी किया जाएगा ऑनलाईन तरीके से अटेन्डेंस लगा रहे हैं। अगर दूर-दराज ग्रामीण अंचलों में मोबाइल नेटवर्क नहीं मिल पाता है और शिक्षकगण ई-हाजरी नहीं लगा पाए तो उन्हें इस बात की लिखित सूचना संबंधित संस्था प्रभारी/नियंत्रक अधिकारी को लिखित अथवा प्रमाणिक रूप से देना आवश्यक होगा। उक्त सूचना का परीक्षण संबंधित प्राधिकारी करते हुए यथोचित निर्णय लेंगे। दूसरे शब्दों में मात्र तकनीकी व्यवधान को स्वतः अनुपस्थिति का आधार नहीं माना जाएगा।




### अभी तक सिर्फ अतिथियों पर बरता जा रहा था कड़ा रुख

आपको बतादें कि स्कूल शिक्षा विभाग ने जून 2025 में ई-अटेंडेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की थी। ऑनलाईन हाजारी न लगाने वालों पर तकनीकी पहलुओं के दृष्टिगत विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा था। सिर्फ अतिथि शिक्षकों के लिए यह ई-अटेंडेंस पूर्णतः अनिवार्य थी और जो अतिथि शिक्षक ऑनलाईन हाजरी नहीं लगा रहे थे, उनका वेतन रोका जा रहा था। अब इस व्यवस्था को सभी के लिए अनिवार्यतः लागू कर दिया गया है।

### आदेश में यह भी है उल्लेख

डीईओ द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि वेतन निगर्मन की प्रक्रिया में ई-अटेंडेंस अभिलेख को उपस्थिति सत्यापन हेतु प्रारंभिक आधार के रूप में ग्रहण किया जाएगा तथापि वेतन स्थगन, कटौती अथवा अवकाश समायोजना संबंधी कोई भी निर्णय शासन के नियमों के अनुसार सुनिश्चित होगा। साथ ही किसी भी परस्थिति में वेतन संबंधी दंडात्मक कार्यवाही बिना परीक्षण एवं अभिलेखीय सत्यापन के नहीं की जाएगी।

### विभाग से संबद्ध सभी लोकसेवकों पर लागू होगा आदेश

जिला शिक्षाधिकारी का यह आदेश न केवल जिले की समस्त शासकीय शालाओं के शिक्षकों बल्कि शिक्षा विभाग में पदस्थ समस्त लोकसेवकों प्रधानाध्यापक, प्राचार्य, लिपिक संवर्क, कार्यालयीन कर्मचारियों, अतिथि शिक्षक सहित अन्य समस्त स्टाफ पर लागू होगा।

### उपस्थिति के आधार पर ही होगी वेतन की गणना

प्रत्येक शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के वेतन की गणना उनकी उपस्थिति के आधार पर की जाकर बिल(देयक) कोषालय को प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी उपस्थिति के आधार पर संबंधित शिक्षक/लोकसेवक का वेतन आहरित किया जाएगा। जो शिक्षक या कर्मचारी जितने दिन अनुपस्थित रहेगा उसे उतने दिन का वेतन नहीं मिलेगा।

स्वास्थ्य विभाग की टीम को मिले जांच के निर्देश, पानी के लिए सैंपल

# दूषित पानी पीने से ग्रामीण बीमार, 10 मरीज सिविल अस्पताल सारंगपुर में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



विकासखंड सारंगपुर क्षेत्र के एक ही गांव मऊ में गुरुवार को 10 से अधिक मरीजों को सारंगपुर सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है बताया जा रहा है कि रविवार को मऊ मंग्याखेडी कल्याणपुर गांव सहित अन्य गांवों के ग्रामीण भैंसवा माता मेले गए थे से वापस लोटेने के बाद ग्रामीण उल्टी दस्त की चपेट में आ गए हैं अब तक 120 से अधिक लोग प्रभावित बताये जा रहे हैं जिनमें से मऊ गांव में 40 मरीज चिन्हित किए गए थे ।

सूचना मिलने के बाद सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे बीएमओ डॉ मनीष चैहान सहित प्रशासनिक अमले ने गुरुवार को मंग्याखेडी एवं कल्याणपुर गांवों का दौरा किया ।मऊ गांव की राधिका वैष्णव ने बताया कि वह मोहल्ले के लोगों के साथ रविवार को दो ट्रैक्टरों से भैसवा माता मेले में मां बिजासन के दर्शन करने और मेले में शामिल होने के लिए गए थे सोमवार देर रात 1रू00 बजे एक दर्जन से अधिक लोगों को अचानक उल्टीया ओर दस्त होने की शिकायत पर गांव के निजी नर्सिंग होम के डॉक्टर से इलाज कराया गया तथा मेले में पीने के पानी की टंकी का दूषित पानी पीने से हम लोग बीमार होकर उल्टी दस्त का शिकार हुए हैं तथा मरीजों की संख्या बढ़ने पर आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वास्थ्य विभाग कों सूचना दी इसके बाद सारंगपुर बीएमओ डॉ मनीष चैहान ने तुरंत जगह-जगह स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निर्देशित किया कि प्रभावित गांवों में सर्वे करे, वही मऊ गांव में गुरुवार को भी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सहित स्वास्थ अमला पहुंचा एवं दवाइयां वितरित की तथा गुरुवार को मऊ गांव में से चिन्हित 40 मरीजों में से 10 से अधिक की हालत बिगड़ने पर उन्हें सारंगपुर रेफर किया गया है। रेफर किए गए मरीजों में नंदनसिंह विराट गंगाबाई लक्ष्मीबाई राजपूत कविता लाड सिंह शिवांश कमल सिंह राजपूत पूजा और लीलाबाई शामिल हैं वही मंग्याखेड़ी और कल्याणपुर गांव में उल्टी दस्त के मरीजों को दवाइयां वितरित की गई हैं।

### सूदखोर पर हुई एफआईआर

**खिलचीपुर।** खिलचीपुर थाने में रघुनंदन शर्मा न्याय की गुहार हेतु चक्कर लगा रहा था, जिसकी खबर प्राथमिकता से हरिभूमि ने प्रकाशित की थी, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बीरम तंवर पिता हरिसिंह तंवर पर भारतीय न्याय संहिता बी एन एस2023 296 बी, 351-3 मध्य प्रदेश रंडियों का संरक्षण अधिनियम-3, मध्य प्रदेश रेडियो का संरक्षण अधिनियम-4 के तहत प्रकरण दर्ज कर एफ आई आर की।


3 माह बीत जाने पर भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, फरियादी लगा रहा चक्कर

'राम ते अधिक राम कर दासा'... फूलों के आसन पर सुंदरकांड पाठ करेंगे रामभक्त

# नेवज तट स्थित एसी वाले हनुमान मंदिर पर होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नगर से प्रवाहित नेवज मैया के तट स्थित ऐसी वाले हनुमान मंदिर पर आगामी दिनों में कईं भव्यतम आयोजन होने जा रहे हैं। महा-शिवरात्रि पर्व पर होने वाले धार्मिक आयोजनों की कड़ी में मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष भी 108 सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन रखा जा रहा है।

रामचरित मानस के रचियता गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखित 'राम ते अधिक राम का दासा' चैपाई को चरितार्थ करते हुए मंदिर समिति सुंदरकाण्ड पाठ करने वाले सभी हनुमान भक्तों के लिए फूलों के आसन विराजित करवाऐगी। मंदिर समिति पदाधिकारी होकम साहू, सुनील जोशी, देवीसिंह विश्वकर्मा सहित अन्य ने बताया कि महाशिवरात्रि पर प्रातः 07 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रृद्धालु अपनी सुविधानुसार सुंदरकाण्ड का पाठ कर सकेंगे।



### सभी श्रृद्धालुओं के लिए रहेगी फलाहार की व्यवस्था

शिवरात्रि पर मंदिर में पूरे दिवस एसी वाले महांकाल का अभिषेक, पूजा-आरती सहित अन्य अनुष्ठान अनवरत चालू रहेंगे। समिति द्वारा मंदिर आने वाले सभी भक्तों के लिए फलाहार की व्यवस्था की जा रही है जो प्रातः से आरंभ होकर देर रात्रि तक चलती रहेगी। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियवृत सिंह खिंची भी भगवान के दर्शनलाभ हेतु मंदिर आएंगे।

### बैजनाथ महादेव महिला मंडल ने निकाली कलश यात्रा

महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत हो रहे आयोजनों की कड़ी में कल गुरुवार दोपहर खोयरी बैजनाथ महादेव महिला मंडल के तत्वावधान में ऐसी वाले हनुमान मंदिर से खोयरी महादेव तक एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन भी किया गया। गाजे-बाजे और भगवान के जयकारों के साथ मंदिर परिसर से आरंभ हुई कलश यात्रा बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। यहां सभी श्रृद्धालु मातृ-शक्तियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक, पूजन किया गया।

पौधों के सहेजने के दावे विभाग प्रमुख के समीप से फेल

# डीएफओ ऑफिस से 100 मीटर दूर ही टूटी पड़ी है फेंसिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रकृति को सहेजने का दावा करने वाले फॉरेस्ट विभाग के मुखिया के दफ्तर के समीप ही पौधों की सुरक्षा के लिए लगवाई गई फेंसिंग अर्से से टूटी पड़ी है। हम बात कर रहे कलेक्टोरेट परिसर के ठीक पीछे स्थित जिला वनमंडलाधिकारी कार्यालय से लगभग 100 मीटर दूर स्थित एक पार्क की। उक्त पार्क क्षेत्र में पूर्व के वर्षों में पौधरोपण करवाते हुए बाकायदा उसे तार फेंसिंग से कवर्ड किया गया था। लेकिन, यह फेंसिंग कईं दिनों से टूटी पड़ी है। वन विभाग के जिम्मेदारों की नजर अक्सर इस लापरवाही पर पड़ती है लेकिन टूटी फेंसिंग को रिपेयर करवाने की जेहमत किसी के द्वारा नहीं उठाई जा रही है। यह अकेला ऐसा मामला नहीं है जहां पौधों, पेड़ों की सुरक्षा में लापरवाही बरती जा रही हो। अकेले राजगढ़ वनमंडल क्षेत्र की बात करें तो फॉरेस्ट के स्वामित्व वाले अनेकों स्थान हैं जिनकी सीमाओं पर बतौर सुरक्षा लगवाई गई फैंसिंग टूटी हुई पड़ी हैं।

### जहां कभी किया था वृहद पौधरोपण वह पूरा क्षेत्र अब निर्जन

वन विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी उक्त फेंसिंगे तक ही सीमित नहीं है। फॉरेस्ट विभाग सहित प्रशासन के संयुक्त सहयोग से कुछ वर्षों पूर्व एनएच-52 पर राजगढ़-ब्यावरा के मध्य लालगढ़ गांव के समीप वृहद स्तर पर पौधरोपण करवाया गया था। लेकिन, वर्तमान हालात यह है कि वहां कुछेक पौधों को छोड़कर एक भी पनप नहीं पाया है। इसके अलावा भी अनेकों ऐसे स्थान हैं जहां पूर्व में रौपे गए पौधे आज तक नहीं पनप नहीं पाए हैं।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

**नरसिंहगढ़।** 11 फरवरी को शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन कार्यक्रम में डॉ. डी आर तिवारी कुलगुरू (आर्यावर्त विश्वविद्यालय सीहोर) मुख्य अतिथि, कविता लोकेन्द्र वर्मा विशेष अतिथि, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. चेतन कुमार त्रिपाठी द्वारा की गई। शैक्षणिक सत्र में डॉ. अश्विनी शर्मा चेरमेंन बोर्ड ऑफ स्टडी देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर, डॉ. नीलम गुप्ता सहा.प्रा. डॉ. खुबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3. दुर्ग, छत्तीसगढ़, तथा डॉ. आशीष गुप्ता सहा.प्रा. मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान भोपाल द्वारा अपना विषय आधारित उद्बोधन प्रस्तुत किया । तकनीकि सत्र में डॉ. सुषमा दुराफे, डॉ. प्रमोद खरे, डॉ. श्वेता साहू, वल्लभ शर्मा.. चिराग त्रिपाठी, द्वारा शोध पत्र का वाचन किया गया । राष्ट्रीय सेमीनार के समापन सत्र में मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल की प्राचार्य डॉ. गीता मोदी, नवीन महाविद्यालय भोपाल के प्राचार्य डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. अरविन्द गुप्ता, डॉ. अनुजा गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

नेशनल हाईवे पर हादसा

# कार अनियंत्रित होकर खेत में पलटी, पति-पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

छबड़ा (राजस्थान) से तराना जा रहे दंपती की कार राष्ट्रीय राजमार्ग-52 ग्वाड़ा जोड़ के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से उतरते हुए खेत में जा गिरी। हादसे में कार सवार दिनेश शर्मा गंभीर रूप से घायल और उनकी पत्नी ममता शर्मा को मामूली चोट आई। राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर चीख-पुकार का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही 1033 नेशनल हाईवे एंबुलेंस सेवा तत्काल मौके पर पहुंची।

घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां दोनों का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, हालांकि सिर व शरीर में चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाईवे पर तेज रफ्तार और सड़क किनारे असमतल सतह के कारण वाहन असंतुलित हुआ और खेत में जा



गिरा। गनीमत रही कि उस वक्त सामने से कोई भारी वाहन नहीं आ रहा था, वरना हादसा और भी भयावह हो सकता था।स्थानीय लोगों ने एनएच-52 पर बार-बार हो रहे हादसों को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि ग्वाड़ा जोड़ के पास सड़क किनारे सुरक्षा इंतजाम नाकाफी हैं, न तो पर्याप्त संकेतक लगे हैं और न ही क्रैश बैरियर, जिससे वाहन जरा सी चूक में सड़क से उतर जाते हैं। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर यातायात प्रभावित रहा। लोगों ने प्रशासन और हाईवे प्रबंधन से मांग की है कि इस ब्लैक स्पॉट पर स्पीड कंट्रोल, चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा रेलिंग तत्काल लगाई जाए।

# शांति कुंज एकेडमी हाई स्कूल में विदाई समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

शांति कुंज एकेडमी हाई स्कूल खुजनेर में कक्षा दसवीं वाले बच्चों का दीक्षांत समारोह हुआ संपन्न जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कंवरलाल यादव धुरी लाल नागर नानूराम नागर अहीर बरन सिंह यादव सम्मिलित हुए और सभी ने अपने-अपने वक्तव्य से बच्चों को उनके भविष्य उज्जवल करने के लिए विचार प्रकट किया और विभिन्न प्रकार से बच्चों को निकट भविष्य में आने वाली चुनौतियां से अवगत कराया साथ ही शांतिकुंज




विद्यालय के अध्यक्ष कमल शर्मा प्राचार्य दिनेश विश्वकर्मा प्रभारी जितेन्द्र नागर एवं समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किए और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की प्राचार्य दिनेश विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस में किया खुलासा

# अंततः पुलिस के हत्थे चढ़ा ड्रग्स फैक्ट्री का मुख्य सरगना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विगत दिनों राजस्थान पुलिस की सूचना पर जिले में सामने आई ड्रग्स फैक्ट्री के मुख्य आरोपी रघुनंदन पाटीदार को राजगढ़ पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पाटीदार के साथ ही उसके एक सह-आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ में लिया है। दोनों के पास से करीब 21 किलो एमडी ड्रग्स, 309 किलो से अधिक रॉ मटेरियल सहित करीब 30 करोड़ का माल भी



बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने गुरुवार दोपहर एक प्रेसवार्ता के दौरान पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। आपको बतादें कि 04 फरवरी को राजस्थान के झालावाड़ की विशेष टीम से मिली सूचना के बाद माचलपुर क्षेत्र के घोघटपुर में दी गई संयुक्त दबिश में उक्त एमडी ड्रग्स निर्माण फैक्ट्री का खुलासा हुआ था। फैक्ट्री मालिक रघुनंदन पाटीदार का तभी से कोई पता नहीं लग पा रहा था। राजस्थान सहित जिले पुलिस की कईं टीमें आरोपी की तलाश में लगी हुई थीं। इस बीच 7 फरवरी को पुलिस ने जंगलों से 05 नीले ड्रम बरामद किए थे जिनमें करीब अनुमानित 05 करोड़ का कैमिकल मिला था।

**सघन अभियान से गिरफ्तार हुआ मुख्य आरोपी-** एसपी तोलानी ने बताया कि मुख्य आरोपी रघुनंदन पाटीदार व अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाया गया था।

# श्री गणेपूजन और झंडावंदन के साथ हुआ महाशिवरात्रि मेले का शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

नगर के प्राचीन महाशिवरात्रि मेले का सोमवार को गणेश पूजन और ध्वजारोहण के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। नपाध्यक्ष कविता वर्मा ने पूजा अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर पार्षदगण और नपा कर्मचारी मौजूद रहे। अगले 20 दिनों तक चलने वाले इस मेले की संपूर्ण व्यवस्था नपा द्वारा की जाती है। मेले की औपचारिक शुरूआत के साथ यहां दुकाने और झूले संचालको को जगह आवंटित की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि रियासत कालीन यह मेला प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर आयोजित किया जाता है।



महाशिवरात्रि पर नगर के प्रमुख बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव पर लाखो की संख्या में श्रृद्धालु पहुंचते है। पूर्व में यह पशु मेले के नाम से लगता था। तब यहां बड़ी तादात में कृषक, ग्रामीण अपने प्शु लेकर पहुंचते थे। अच्छी नस्ल के प्शुओ को यहां पुस्कृत भी किया जाता था। लेकिन समय के साथ पषु मेला धीरे-धीरे समाप्त हो चुका है।

## नगर परिषद द्वारा संकल्प से समाधान अभियान शिविर आयोजित किया

**जीरापुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लोगों को तत्काल लाभ मिले इस उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है, इस तारतम्य में नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में लगातार शिविर आयोजित कर वंचित पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है। इस कड़ी में नगर परिषद जीरापुर द्वारा गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय सभागार में वार्ड क्रमांक 10, 11, 12 के आवेदन प्राप्ति हेतु शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त किए गए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा , ओंकार लाल मंडलोई ,रमेश मालवीय,कमल भावसार, राजेंद्र सिंह भाटी , संदीप नाथ सहित अन्य कर्मचारी और हितग्राही उपस्थित रहे।




मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में संपन्न

# जनपद पंचायत ब्यावरा की समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

गुरुवार को जनपद पंचायत ब्यावरा में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मंत्री पंवार ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया




कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### पेयजल व्यवस्था पर विशेष चर्चा

बैठक में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री पंवार ने निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी नागरिक को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने जल स्रोतों की वर्तमान स्थिति, टंकियों की साफ-सफाई, पाइपलाइन की मरम्मत, हैंडपंपों की कार्यशीलता का कहा।

### स्कूलों की समीक्षा और आगामी सत्र की तैयारी

मंत्री पंवार ने शिक्षा व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं कृ स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली, कक्षाओं की स्थिति एवं बैठने की व्यवस्था कृ की जानकारी ली। आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में समयपूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए । इस बैठक में जनपद अध्यक्ष राधा जगदीश गुर्जर, जनपद सीईओ आर के मंडल, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सदस्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी, 2 ट्रैक्टर ट्रॉली और एक डंपर किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में आकस्मिक भ्रमण कर अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के नेतृत्व में गठित दल द्वारा आरोन और गुना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान आरोन में 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत खनिज और गुना क्षेत्र में गिट्टी का डम्पर रॉयल्टी में उल्लेखित मात्रा से अधिक खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

जिला खनिज अधिकारी वर्मा ने बताया कि भ्रमण के दौरान ट्रैक्टर-



ट्रालियों द्वारा बिना अनुमति एवं बिना रॉयल्टी खनिज रेत का परिवहन करते पाई गई, जिसे जप्त कर थाना आरोन और एक डंपर द्वारा गिट्टी का ओवर लोड परिवहन करने से कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त वाहन एवं परिवहनकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### पर्व की तैयारियों का किया निरीक्षण




**आष्टा।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर में धार्मिक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाने सकल हिंदू समाज ने व्यापक निरीक्षण किया। सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में अध्यक्षगण, पदाधिकारियों ने नगर के प्रमुख शिवालयों एवं मंदिरों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान प्राचीन अन्नपूर्णा मंदिर, शंकर मंदिर, किला शिवालय मंदिर, पशुपतिनाथ संगम मंदिर, दुर्गा शनि मंदिर (प्राण प्रतिष्ठा स्थल) सहित अन्य शिवालयों में साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधा, पेयजल, प्रकाश व यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अन्नपूर्णा मंदिर के महंत महामंडलेश्वर दीपक दास , शंकर मंदिर के पं. हेमंत गिरी, नवीन शर्मा, संगम मंदिर के पं. गोस्वामी गिरी, मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के आचार्य पं. जितेंद्र शर्मा एवं यज्ञकर्ता कन्हैयालाल पहलवान महाराज से भी चर्चा कर पर्व की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई।सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने विशेष रूप से कहा कि महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए साफ-सफाई, ट्रैफिक नियंत्रण एवं सुचारू व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।निरीक्षण के दौरान संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे, मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, संजय वर्मा, मांगीलाल सिसोदिया, मनोहर विश्वकर्मा, मोंटू कौरी, गोपाल पांचाल सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।सकल हिंदू समाज द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को श्रद्धा, भक्ति एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

### सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में घोटाले का मामला

# जांच टीम ने दी दस्तक, घंटों तक खंगाले दस्तावेज, आरोपियों के बयान नहीं हुए

46 लाख से अधिक मामला, फार्मासिस्ट और आयुष्मान मित्र ने अपने रिश्तेदारों के बैंक खातों में कर डाली राशि ट्रांसफर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि (इनसेंटिव) में हुए घोटाले की जांच करने 6 सदस्यीय जिला स्तरीय जांच टीम ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल में दस्तक दी और लगभग कई घंटों तक बैठकर बारीकी से जांच पड़ताल की। इस दौरान जांच टीम ने लेखापाल दफ्तर में आयुष्मान भारत नीरामयम के पोर्टल पर बैंक खातों में ट्रांसफर हुई राशियों की बारीकी से पड़ताल की ।लिहाजा यह जांच अब कुछ दिन और चलने की संभावना है ऐसे में जांच के प्रथम दिन आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि को अपने रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर करने वाले आरोपियों के बयान फिलहाल नहीं हुए है।

### सिविल सर्जन के नेतृत्व में पहुंची जिला स्तरीय जांच टीम, घंटों तक पोर्टल खंगाला

आयुष्मान निरामयम विभाग भोपाल के महाप्रबंधक डॉक्टर नरेंद्र भयडीया के आदेश पर सीहोर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया द्वारा गठित 6 सदस्यीय जांच टीम में शामिल सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव, डॉक्टर अंकित चांडक, डॉक्टर सोनल डागा, डॉक्टर रवि जैन, डॉक्टर अर्जुन सूखेजा शुक्रवार को सिविल अस्पताल आष्टा पहुंचे जहां बीएमओ अमित माथुर से चर्चा कर एकाउंट में बैठकर आयुष्मान नीरामयम पोर्टल को घंटों तक खंगाल गया। इस दौरान जांच टीम को लीड कर रहे सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गठित जांच कमेटी आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में हुए घोटाले की जांच करने के लिए पहुंचा है जहां प्रथम चरण में जांच की है यह पूरा मामला वर्ष 2017-18 से लेकर वर्ष 2023 तक का है इस दौरान उस समय के सम्बन्धित कर्मचारी और अधिकारियों के कथन लिए जायेंगे ।

### 46 लाख रुपए से ज्यादा का घोटाला लेखापाल से लेकर कई लोग शामिल

सरकारी अस्पतालों में भी किस तरह केंद्र की महत्वकांक्षी आयुष्मान योजना में भी भ्रष्टाचार कर शासन को करोड़ो रुपये का चुना लगाया जा रहा है इसकी सीधी बानगी सिविल अस्पताल आष्टा में देखने को मिल रही है जहां सिविल अस्पताल में पदस्थ स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा के साथ मिलकर 46 लाख से अधिक का घोटाला कर डाला। हैरानी और चौंकाने वाली बात है कि वर्षो तक जिम्मेदार स्वास्थ विभाग के स्थानीय अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगती है या कहे इसमें इनकी भी हिस्सेदारी शामिल है। लिहाजा इस बड़े घोटाले में सिविल अस्पताल के स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार सहित तत्कालीन लेखापाल एमएल वर्मा, तत्कालीन आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा सहित तत्कालीन बीएमओ की भूमिका भी संदिग्ध है वही कई डॉक्टरों के भी इस कांड में शामिल होने की संभावना है ऐसे में प्रमोद परमार के इलावा और भी कई बड़े नामी लोगों की भूमिका सामने आना बाकि है।

### शिकायतकर्ता भी जांच के दायरे में, 2 दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ हुई धोखाधड़ी

सिविल अस्पताल के तत्कालीन और वर्तमान सेवा निवृत शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके जैन ने बीएमओ अमित माथुर को 27 जनवरी को लिखित में आयुष्मान योजना इनसेंटिव न मिलने की शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद ही यह पूरा घोटाला उजागर हुआ है जानकारी अनुसार शिकायत कर्ता डॉक्टर एके जैन सहित, सिविल अस्पताल की डॉक्टर माधवी राय, डॉक्टर शुभम दलोदरिया, पूर्व बीएमओ डॉक्टर सुरेश माहौर, पूर्व बीएमओ जेडी सोनी,दिवगंत डॉक्टर सुदर्शन ग्रेवाल, स्टाफ नर्स स्मिता सोलंकी, स्टाफ नर्स सीमा गौतम, लेब टेक्नीशियन रवि मालवीय सहित अन्य कई कर्मचारीयो के नाम पर फ्रॉड किया गया है। खेर अभी यह सामने आना बाकि है कि किस डॉक्टर को , किस नर्स को कितना इनसेंटिव प्रमोद ने अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर किया है यह 440 पन्नों की ट्रांजेक्शन लिस्ट में सामने आने पर ही पता चल पाएगा। वही अब इस मामले में शिकायतकर्ता डॉक्टर एके जैन भी जांच के दायरे में आ गए हैं क्योंकि अकेले डॉक्टर एके जैन का ही 17 लाख रुपए से अधिक का इनसेंटिव बनना भी सवालों के घेरे में है क्योंकि संभावित अन्य डॉक्टरों का हक मार कर सिर्फ एक डॉक्टर के नाम पर यह राशि निकाली गई है।

### पत्नी सहित रिश्तेदारों के बैंक खातों में की राशि ट्रांसफर, 440 पन्नों की लिस्ट

सिविल अस्पताल में पदस्थ स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने वर्ष 2017 -18 से वर्ष 2023 तक आयुष्मान योजना के अंतर्गत मरीज को सेवाएं देने वाले डॉक्टर, नर्स के इंसेंटिव को गलत तरीके से अपनी पत्नी सहित करीबी रिश्तेदारों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर डाली है और यह पूरा ट्रांजैक्शन 440 पन्नों में शामिल है हालांकि यह शुरुआती रूप से 46 लाख रुपए घोटाले का मामला सामने आया है यदि ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से कार्यवाही और जांच की गई तो कई बड़े मामले उजागर होने की संभावना है और यह मामला केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना और सरकारी राशि के वित्तीय अनियमितता से जुड़ा मामला है ऐसे में मामले में दोषियों पर बड़ी कार्यवाही भी देखने को मिल सकती है वही जिनके खातों में यह राशि ट्रांसफर की गई है उनमें कुछ सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं

# आष्टा में पेट्रोल पंप पर लूट की योजना बना रहे थे लुटेरे

### डकैती के प्रयास में पांच गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

थाना आष्टा मे गत रात्रि नानकपुर ग्राम से सूचना प्राप्त हुई की पांच व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में हथियार रखे देखे गए है जो बाहरी व्यक्ति है ओर वह सभी किसी बढ़ी घटना लूट, चोरी घटित करने की बात करते रास्ते से जा रहे है। सूचना से तत्काल पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक शुक्ला, अति पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, एसडीओपी आष्टा प्रवीण चडोकर को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला द्वारा थाना प्रभारी आष्टा गिरीश दुबे को संदिग्ध व्यक्तियों की तत्काल धर पकड़ हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी गिरीश दुबे द्वारा अपने थाने बल की दो टीमे गठित की गई।

सूचना पर थाना आष्टा की दोनों पुलिस टीमे ग्राम नानकपुर यात्री प्रतीक्षालय के पास पहुंची तो प्रतीक्षालय में बैठे पांच संदिग्ध व्यक्ति वहां से भागने का प्रयास कर रहे थे जो पांचो व्यक्तियों को दोनों पुलिस टीम के कुल 09 सदस्यो द्वारा स्थानीय ग्रामवासियों की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए पांचो संदिग्ध व्यक्तियों के पास घातक हथियार तलवार, धारदार चाकू, नुकीला सब्बल, लोहे की राड ओर एक लोहे की नक़्ब (ताले, कुंदे तोड़ने का औजार) पाए गए। पांचो आरोपियों से प्राप्त घातक हथियारों को वहां मौजूद ग्राम वासियों के समक्ष जप्त कर सभी आरोपियों से पूछताछ की गयी जिन्होंने देर रात्रि नानकपुर गाँव से आगे कन्नोद रोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप लूट करने की घटना करने जाना बताया। उक्त पेट्रोल पम्प लूट की घटना की योजना मुख्य रूप से आरोपी शराफत अली निवासी हरियाणा द्वारा तैयार की गयी थी जो पूर्व मे देवास जिले के खाचरोद, सतवास,कन्नोद गाँवों मे हड़म्बा चलाने आता था ओर आरोपी अरमान से पहचान हुई थी। शराफत अली ने ही अरमान को पेट्रोल लूट की घटना करने की योजना मे शामिल किया ओर अरमान ने अपने अन्य साथियों साबिर, ब्रजेश, वक़ील शाह को पेट्रोल पंप लूट की घटना करने के लिए शामिल किया गया। पुलिस ने शराफत अली पिता हुसैन खां जाति मेवाती उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम रहना थाना नूहूँ जिला (नूहूँ) मेवात हरियाणा, साबिर खां पिता इरमत खां जाति मेवाती ग्राम दुकामा थाना कन्नौद जिला देवास, वकील शाह पिता असगर शाह जाति शाह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम अम्बाडा थाना कन्नौद जिला देवास, ब्रजेश धनवार पिता रामौतार धनवार जाति चमार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम डोकाकुई थाना कन्नौद जिला देवास, अरमान खां पिता भूरे खां उम्र 20 वर्ष जाति मेवाती निवासी ग्राम अम्बाडा थाना कन्नौद जिला देवास को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से तलवार, धारदार चाक़ू, सब्बल, लोहे की राड, लोहे की नक़्ब (ताले व लोहे के कुंदे तोड़ने का औजार) जब्त किए है। गिरफ्तार आरोपी शराफत अली जो मूलतः जिला नूह हरियाणा राज्य का रहने बाला है के विरुद्ध अन्य थानो मे मारपीट व चोरी के अपराध पंजीवद्ध होने की जानकारी प्राप्त की गयी है। अन्य दो आरोपियों साबिर खा के विरुद्ध भी 03 अपराध देवास जिले के थानो मे मारपीट के दर्ज होना पाए गए है। सभी आरोपियों से बारीकी से पूछताछ की जाकर अन्य साथियों व घटनाओ की जानकारी प्राप्त की जा रही है ओर आरोपी शराफत अली की गिरफ़्तारी सूचना हरियाणा राज्य के सम्बंधित थाना नूह सदर को दी गयी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गिरीश दुबे, उप निरी राजकुमार यादव, सहा उप निरी रमेश मांझी, प्र आर पुष्पेंद्र द्विवेदी, आर मेहरवान, आर अमन, आर आनंद, आर प्रवीण, आर नरेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही।

# शिवशक्ति महायज्ञ और श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर आज विधानसभा क्षेत्र के खुटालिया बैकुंड धाम बापचा में चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ एवं मालव माटी के लोकप्रिय संत श्री गोविंदजाने के श्रीमुख से 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए एवं कथा में आज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में शामिल हो कर कथा श्रवण की।

यज्ञ एवं कथा में पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संतश्री गोविंदजाने एवं धाम सरकार का स्वागत सम्मान किया । आज श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा में भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया एवं फूलों की होली खेली गई । कथा श्रवण करने बापचा धाम पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की युवा मोर्चे के जिला महामंत्री महेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में भव्य अगवानी कर स्वागत सम्मान किया गया । श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन व्यास गादी पर बिराजे संतश्री गोविंदजाने ने कहा की भगवान श्रीराम की नजर से कोई नही बच सकता है । जिनके मात्र नाम लिखने से समुद्र में पत्थर तीर गये । संतश्री ने कहा में उन माता पिता को नमन करता हु जिन्होंने अपनी बेटियों का नाम कौशल्या, उर्मिला, राधा, सीता रखा है।

उनके घर मे टीवी और फिल्मी दुनिया के नाम नही पहुचे ये सराहनीय बात है । आज कथा में भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया कथा में शामिल विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,धाम सरकार सहित पूरा खचाखच भरा कथा का पांडाल ₹हाथी घोड़ा पालकी जय हो कन्हैयालाल कीर के जयकारों से गुंजयमान हो गया। कथा के पश्चात विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जनपद उपाध्यक्ष गजराजसिंह मेवाडा, महेंद्रसिंह ठाकुर गऊखेड़ी, सुशील संचेती, महेन्द्र ठाकुर,अशोक राठौर सहित सभी ने धाम परिसर में चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ स्थल पर पहुच कर यज्ञ शाला की परिक्रमा की। यज्ञ एवं कथा में अनेकों संतश्री,श्रद्धालु,महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### शासकीय राशि के दुरुपयोग पर लिपिक सेवा से बर्खास्त

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा शासकीय राशि के दुरुपयोग के गंभीर मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए इछावर तहसील कार्यालय में पदस्थ सहायक वर्ग-03 (लिपिक) सुशील कुमार रायकवार को शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। विभागीय जांच में शासकीय राशि 63,58,894 रुपये के दुरुपयोग की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी कर्मचारी द्वारा कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग कर राशि का अवैध हस्तांतरण स्वयं एवं अन्य सहयोगियों के खातों में किया गया।

# रेलवे स्टेशन का बंद पड़ा पुराना गेट खोला जाए, प्लेटफार्म 1 व 2 पर शौचालयों की अस्थाई व्यवस्था हो : सुमित नर्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विश्व विख्यात रुद्राक्ष महोत्सव की पावन बेला में देश-विदेश से उमड़ रहे श्रद्धालुओं के जन सैलाब को देखते हुए, रानी दुर्गावती सेना के संस्थापक एडवोकेट कुंवर सुमित नर्रे ने प्रशासन से भक्तों की बुनियादी सुविधाओं को लेकर विशेष आग्रह किया है। कुंवर सुमित नर्रे ने स्टेशन परिसर क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला अभी प्रारंभ ही हुआ है, लेकिन स्टेशन के बाहर महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए प्रसाधन (शौचालय) की कोई अस्थाई व्यवस्था नहीं है।

### रेलवे प्रबंधक से प्रमुख मांगें

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 व 2 पर शौचालयों की अस्थाई व्यवस्था के साथ ही रेल्वे स्टेशन पर तत्काल पोर्टेबल/अस्थाई मोबाइल टॉयलेट्स की श्रृंखला स्थापित की जाए। स्वच्छ पेयजल व्यवस्था के साथ ही भीड़ वाले क्षेत्रों में माताओं-बहनों की सुविधा हेतु पर्याप्त रोशनी और ठंडे पानी के टैंकर खड़े किए जाएं। पर्याप्त मात्रा में महिला सहायता दल गठित किया जावे, ताकि महिला श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्याओं/परेशानियों का सामना ना करना पड़े। भीड़ में बिछडऩे वाले बच्चों, बुजुर्गो व महिलाओं के साथ ही रानी दुर्गावती सेना के सेवाभावी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर समन्वय करे। श्रद्धा और विश्वास के साथ सीहोर आ रहे भक्तों, विशेषकर दूर-दराज की माताओं-बहनों को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान ना होना पड़े, इसके पुख्ता इंतजाम किया जावे। प्रशासन से मांग की गई हैं कि भक्तों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्थाओं को पूर्ण किया जाए ताकि रुद्राक्ष महोत्सव की भव्यता के साथ-साथ सुव्यवस्था की भी देशभर में मिसाल बने।

### ग्राम अरोलिया में चल रही शिव पुराण, गुरुदेव का सम्मान किया

# तपोभूमि देवबड़ला में तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के उदगम स्थल व पुरातत्व धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बीलपान में महाशिवरात्रि मेले का शुभारंभ हुआ मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी ने कहा बाबा विलवैश्वर महादेव का अभिषेक एवं गणेश, अंबिका, षोडशमातृका, नवग्रह पूजन कर त्रिदिवसीय शिव कथा एवं मेले का शुभारंभ हुआ। देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया शुक्रवार की कथा में पंडित राजेश शर्मा द्वारा कर्म प्रधान विश्व करी राखा जो जस करही तस फल चाखा मनुष्य जीवन में व्यक्ति को अपने कर्म का विशेष ध्यान रखना चाहिए। क्योंकी कर्म का फल आज नहीं तो कल आपको मिलेगा जरुर। हमेशा सत कार्य करना चाहिए। सत्य के मार्ग पर ही चलना चाहिए। ना सोना काम आएगा, ना चांदी कम आएगी। आकर कर ले भजन देवबड़ला में मेरे महादेव ही काम आएंगे। देवबड़ला साधारण स्थान नहीं है ये तो तपोभूमि है। यहां पर बड़े बड़े ऋषि, मुनियों साधु, संतों ने तपस्या की है। यहां कई सिद्ध पुरुष हुए हैं उन्हीं में से एक सिद्ध संत है हमारे ओंकार सिंह भगतजी जिन्होंने अपनी जमींदारी जागीरदारी छोड़ अपना सम्पूर्ण जीवन देवबड़ला के नाम कर दिया। जिनका मन सुध होता है बाबा भोलेनाथ ऊनको ही अपने पास रखते हैं। युतो यहां पर कई लोग आये परन्तु बाबा भोलेनाथ ने उनका छल समझ लिया और उन्हें उल्टे पांव घर भेज दिया।

### धर्म धारा में हवन पूजन यज्ञ

जावर प्रखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम अरोलिया में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के तहत चल रही धर्म धारा में हवन पूजन यज्ञ के साथ श्री शिव पुराण कथा में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी के साथ कथा मंडप में पहुंचकर गुरुदेव का एवं श्रीमद् शिव पुराण का पूजन कर गुरुदेव का साफा एवं श्रीफल से सम्मान किया एवं यज्ञ स्थल पर पहुंचकर यज्ञ नारायण भगवान को एवं समस्त पुजारी एवं संतों को प्रणाम कर यज्ञ स्थल का दौरा किया विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर एवं प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ने कथा के दौरान एवं यज्ञ में सम्मिलित सभी लोगों को सनातन संस्कृति एवं परिवार में धार्मिक वातावरण निर्मित हो ऐसा विचार विमर्श किया कार्यक्रम में जावर प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह , प्रखंड गो रक्षा प्रमुख मनोहर सिंह ,सेवा प्रमुख चेतन सिंह, सह मंत्री महेंद्र सिंह, सह संयोजक भूपेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह राणा ,खजुरिया खंड अध्यक्ष महेंद्र सिंह, खंड मंत्री दीपेंद्र बागवान एवं ग्राम इकाई आरोलिया के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे सम्मिलित हुए।

# जल अर्पण कार्यक्रम के तहत निकाली रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत छापर में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कलश यात्रा/ स्कूल रैली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण व स्वछता की शपथ ब्लॉक समन्वयक मंगलेश दुबे द्वारा दिलाई गई। ग्राम छापर में नल जल योजना का संचालन निरंतर होने से 250 परिवारों को नियमित जल मिल रहा है। सभी परिवार नियमित जल कर का भुगतान कर रहे है।

कार्यक्रम में जल कर का भुगतान करने वाले परिवारों तथा पंप ऑपेरटर दिनेश को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। श्री राम बजरंग मंडल की टीम द्वारा पानी बचाओ के ऊपर सुन्दर गीत की प्रस्तुति दी गयी। वही एफटीके के माध्यम से ग्राम के हैंडपंपों के पानी का जल परिक्षण किया गया।

कार्यक्रम में पीएचई विभाग से सहायक यंत्री जिज्ञासा दीक्षित, रेनू धाड़ी जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक मंगलेश दुबे, राजेंद्र वर्मा उपयंत्री, सरपंच गीताबाई, सरपंच प्रतिनिधि ज्ञान सिंह वर्मा, उपसरपंच ममता बाई, सचिव विक्रम सिंह मेवाड़ा, सहायक सचिव सुरेश सोनानिया, दिनेश वर्मा, युगल वर्मा, मंगलेश वर्मा, तेजसिंह वर्मा, दयाराम मालवीय, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व अन्य ग्रामीण जन उपस्तिथ रहे।